मातृ दिवस पर मराठा थीम में सजा ग्रीष्म महोत्सव

महिलाओं ने प्रस्तुत की संस्कृति और उत्साह की अनुपम झलक

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 10 मई। श्री दुर्गेश्वरी क्षत्रिय राजपूत महिला समिति द्वारा मातृ दिवस एवं ग्रीष्म महोत्सव का आयोजन अत्यंत उत्साह, पारंपरिक गरिमा और मराठा संस्कृति की रंगत के साथ होटल लैंडमार्क में किया गया। कार्यक्रम की विशेष थीम 'मराठा लुक' रखी गई, जिसके अंतर्गत सभी महिलाओं को कॉटन अथवा कॉटन सिल्क की बॉर्डर वाली प्लेन या बूटीदार साड़ी पहनकर पारंपरिक मराठा श्रृंगार में उपस्थित होना था। पूरे आयोजन में मराठा संस्कृति की झलक और मातृ शक्ति के सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की संयोजिका गीता कुलदीप सिंह गौर, माधुरी चौहान, सुजाता संग्राम सिंह एवं शकुंतला सिंह परिहार ने सभी अतिथियों और सदस्यों का हल्दी-कुमकुम से स्वागत किया तथा मातृ दिवस के अवसर पर शुभकामना कार्ड भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति द्वारा दिव्या सिंह, पूजा अनुराग कुशवाह एवं आभा तोमर को उनके सामाजिक कार्यों, उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। शिखा रानी सिंह बैस, मोनिका भदौरिया एवं नेहा सिंह सिसोदिया द्वारा प्रस्तुत लावणी नृत्य ने उपस्थित महिलाओं का मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरीं।

मनोरंजन के लिए आयोजित आइसक्रीम स्लिप गेम, मराठा थीम डांस गेम सहित विभिन्न सरप्राइज गेम्स में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं पूर्ण रूप से मराठा थीम में सुसज्जित प्रतिभागियों को भी विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में आयोजित 'डांस धमाल' में महिलाओं ने जमकर आनंद लिया। श्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाली प्रतिभागियों को आयोजकों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन गीता कुलदीप सिंह गौर एवं सुजाता संग्राम सिंह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन माधुरी चौहान एवं शकुंतला सिंह परिहार ने व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में रश्मि सिंह तोमर, निशा सिंह, कल्पना सिंह भदौरिया, प्रतिमा जादौन एवं पूजा अनुराग कुशवाह का विशेष सहयोग रहा।

मुख्यमंत्री आज कूनो में चीतों को खुले जंगल में करेंगे मुक्त

बोत्सवाना से लाए गए चीतों ने पूरा किया क्वारंटीन, 'प्रोजेक्ट चीता' को मिलेगा नया विस्तार

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 10मई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 मई, सोमवार को श्योपुर में कूनो नेशनल पार्क के क्वारंटीन बाड़े से दो मादा चीतों को सुबह कूनो नदी के समीप स्थित साइट से खुले जंगल में मुक्त करेंगे। साथ ही कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दो चीतों को खुले जंगल में छोड़े जाने का यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट चीता को नई गति प्रदान करेगा तथा भारत के वन्यजीव संरक्षण इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा।

बोत्सवाना से लाए गए नौ चीतों ने अपनी क्वारंटीन अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। इसके बाद उन्हें छोटे बाड़ों में रखा गया था, ताकि वे स्वयं को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप ढाल सकें। अब इनमें से दो चीतों को पूर्णत: खुले जंगल में मुक्त किये जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रोजेक्ट चीता का उद्देश्य प्रदेश से लुप्त हुये चीतों की प्रजाति को पुनर्स्थापित करना, उनकी संख्या में वृद्धि करना और उन्हें स्वतंत्र रूप से शिकार और विचरण के लिए तैयार करना है।

फरवरी में बोत्सवाना से आये 9 चीते

फरवरी 2026 के अंत में बोत्सवाना से नौ नए चीते कूनो नेशनल पार्क लाए गए थे। इनमें 6 मादा और 3 नर शामिल हैं। इन चीतों के आगमन के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या, देश में जन्मे शावकों सहित, बढ़कर 57 हो गई है। यह 'प्रोजेक्ट चीता' के अंतर्गत तीसरा बड़ा अंतर्राष्ट्रीय चरण है। नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को 8 चीते भारत लाए गए थे, जबकि वर्ष 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते कूनो पहुंचे थे। बोत्सवाना से आए चीतों को भारतीय वायुसेना के विशेष विमान के माध्यम से ग्वालियर लाया गया था। यहां से उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा कूनो नेशनल पार्क पहुंचाया गया।

वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि बोत्सवाना से आए चीते अधिक जेनेटिक विविधता लेकर आए हैं, जिससे कूनो में चीतों की स्वस्थ और दीर्घकालिक आबादी विकसित करने में मदद मिलेगी। विशेषज्ञों ने यह भी उम्मीद जताई है कि ये चीते कूनो के वातावरण में तेजी से घुल-मिल जाएंगे। इन चीतों को क्वारंटीन एवं अनुकूलन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद गांधी सागर एवं नौरादेही जैसे अन्य अभयारण्यों में भी बसाने की तैयारी की जा रही है। कूनो नेशनल पार्क देश में वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिकी पुनर्स्थापना का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है।

कालू हत्याकांड

हत्यारों की तलाश में पुलिस की 'सर्जिकल स्ट्राइक'

एक दर्जन ठिकानों पर पुलिस ने दी दबिश

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10 मई। श्रीनगर कॉलोनी में हुए सनसनीखेज कालू सेन हत्याकांड के आरोपियों को दबोचने के लिए पुलिस और क्राइम ब्रांच ने पूरी ताकत झोंक दी है। शनिवार रातभर पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शहर और आसपास के एक दर्जन से अधिक संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। हालांकि, शातिर आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही ठिकाने बदलने में कामयाब रहे। अब पुलिस उन मददगारों की कुंडली खंगाल रही है, जो इन अपराधियों को पनाह दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को टीकमगढ़ निवासी 24 वर्षीय कालू सेन पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला किया गया था। हमलावरों ने कालू को घेरकर लाठी और लोहे की रॉड से तब तक बेरहमी से पीटा, जब तक वह मरणासन्न स्थिति में नहीं पहुंच गया। शनिवार को अस्पताल में इलाज के दौरान कालू ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धाराएं बढ़ाईं।

इन आठ नामजद आरोपियों की तलाश : पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इस जघन्य हत्याकांड में महाकाल उर्फ मृत्युंजय, राजा जाटव, लल्ला चौहान, अनिकेत चौरसिया, प्रदीप मौर्य, प्रिंस गुर्जर, कृष्णा और निखिल मुख्य आरोपी हैं। पुलिस की विशेष टीमें इन सभी की घेराबंदी कर रही हैं।

मददगारों पर भी कसेगी पुलिस शिकंजा : थाटीपुर पुलिस और क्राइम ब्रांच अब इस बात की तस्दीक कर रही है कि फरारी के दौरान आरोपी किन लोगों के संपर्क में हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि यदि किसी ने भी आरोपियों को संरक्षण देने की कोशिश की, तो उन्हें भी सह-आरोपी बनाया जाएगा। फिलहाल, आरोपियों की धरपकड़ के लिए तकनीकी सर्विलांस और मुखबिर तंत्र का सहारा लिया जा रहा है।

इनका कहना है...

अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। हमारी टीमें मुस्तैदी से काम कर रही हैं और जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।
— विपेन्द्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी, थाटीपुर

ब्राह्मणों के एक होने में ही शक्ति : अनूप

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10 मई। पूर्व मंत्री और भाजपा नेता अनूप मिश्रा ने कहा है कि अब समय आ गया है, देश क्या दुनिया के सारे ब्राह्मण समाज को एक हो जाना चाहिये। क्योंकि ब्राह्मण समाज को समझना चाहिये कि शक्ति अलग अलग बंटने में नहीं एक होने में हैं। मिश्रा ने कहा कि देश के सकल ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर समाज व राष्ट्रहित में काम करना होगा।

रविवार को ग्वालियर में विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद की राज्य इकाई के अध्यक्ष नर्मदा शंकर भार्गव के नाम की घोषणा करते हुये पूर्व मंत्री एवं विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनूप मिश्रा ने कहा कि देश में 24 प्रतिशत आबादी, ब्राहमण समाज की हैं, जो देश के उत्थान, विकास व राष्ट्रहित में निरंतर योगदान दे रही है, लेकिन कुछ स्वार्थवश हमारे ही समाज के लोग अलग अलग संगठन बनाकर काम कर रहे हैं, जिससे हम समाज हित में पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाते है। इसीलिये विश्व के सभी ब्राहमण समाज ने पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चैबे के नेतृत्व में विश्व ब्राहमण कल्याण परिषद का गठन किया हैं, जिसके संरक्षक स्वामी कैलाशानंद गिरि है। परिषद में देश के ब्राहमण समाज के लोग भी जोड़े गये है, जो समाज की एकजुटता पर काम कर रहे हैं।

कारोबारी के घर हलवाई ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

मकान कब्जाने की नीयत, दहशत में नारायण विहार कॉलोनी के लोग, गोला का मंदिर थाने की घटना

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10 मई। शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र स्थित नारायण विहार कॉलोनी बीती रात गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल गई। एक हार्डवेयर कारोबारी के मकान पर कब्जे की नीयत से आए दबंग हलवाई और उसके साथियों ने कट्टों से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी कारोबारी को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तीन नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

10 माह से चल रहा है विवाद : नारायण विहार निवासी तहसीलदार राठौर (50), जिनकी डीडी नगर में हार्डवेयर की दुकान है, उन्होंने बताया कि उनके पड़ोसी अमित राठौर (पेशे से हलवाई) की नजर उनके मकान पर है। अमित पिछले 10 महीनों से उन्हें मकान खाली करने के लिए प्रताड़ित कर रहा है।

हालांकि अमित ने 6 महीने पहले अपना नया मकान बना लिया है, लेकिन इसके बावजूद वह पीड़ित के घर पर कब्जा करना चाहता है। पीड़ित के अनुसार, शनिवार दोपहर अमित राठौर अपने साथी अनिल परमार और एक दर्जन गुंडों के साथ घर आया था, जिन्हें स्थानीय लोगों ने समझा-बुझाकर भेज दिया। लेकिन देर रात आरोपी फिर लौटे और गाली-गलौज करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई फायरिंग से इलाके में भगदड़ मच गई। हमलावर चिल्लाते हुए धमकी दे रहे थे कि मकान खाली नहीं किया तो जिंदा नहीं बचोगे।

सूचना मिलते ही गोला का मंदिर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और आरोपियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है।

इनका कहना है...

पीड़ित की शिकायत पर अमित राठौर और अनिल परमार सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना कर दी गई हैं, जल्द ही वे सलाखों के पीछे होंगे।
— धर्मेन्द्र सिंह यादव, थाना प्रभारी, गोला का मंदिर

न्यू रेलवे कॉलोनी में महिला का तांडव

मां-बेटियों को सड़क पर घसीटकर पीटा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10 मई। शहर के पड़ाव थाना क्षेत्र स्थित न्यू रेलवे कॉलोनी में पड़ोसियों के बीच का मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पुरानी रंजिश के चलते एक महिला ने अपनी ही पड़ोसन और उसकी बेटियों पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी महिला ने न केवल घर में घुसकर अभद्रता की, बल्कि मां-बेटियों को सड़क पर पटककर उनके बाल पकड़े और बेरहमी से घसीटा। इस पूरी घटना का रूह कपा देने वाला सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

प्रत्यक्षदर्शियों और सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, आरोपी संस्कृति ने सरोज के बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसों से पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर जब सरोज की बहन सरिता और बुजुर्ग मां मुन्नीबाई बीच-बचाव करने आईं, तो हमलावर ने उन्हें भी नहीं बख्शा। उसने दोनों बहनों को सड़क पर घसीटा, जिससे सरोज के कान और सरिता की गर्दन में गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। मारपीट के बाद पीड़िता अपनी घायल बहन और मां के साथ पड़ाव थाने पहुंची।

गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद

घटना झंडाधारी हनुमान मंदिर के पास की है। पीड़िता सरोज कुशवाह (37) के अनुसार, पड़ोस में रहने वाली संस्कृति शर्मा पुरानी रंजिश को लेकर अचानक उनके घर के बाहर आकर गालियां देने लगी। जब सरोज ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी महिला आपा खो बैठी और हिंसक हो गई।



मुरार ग्रामीण में भी ब्राह्मण समाज ने निकाला परशुराम चल समारोह

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10 मई। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर ब्राह्मण सभा मुरार ग्रामीण के तत्वावधान में ग्राम उटीला में भगवान परशुराम चल समारोह निकाला गया। ब्राह्मण सभा मुरार ग्रामीण के अध्यक्ष पंडित सुनील शर्मा बंटी ने बताया कि चल समारोह बैंडबाजों के साथ क्षेत्र में भ्रमण करता हुआ माता के मंदिर पहुंचा, भगवान परशुराम की महाआरती के पश्चात प्रसादी का वितरण हुआ। इस अवसर पर सभा का आयोजन किया गया, चल समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा, ब्राह्मण सभा मुरार के पूर्व अध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा कक्का, विनोद कटारे मौजूद रहे। चल समारोह में ब्राह्मण सभा मुरार ग्रामीण के अध्यक्ष पंडित सुनील शर्मा, राजीव पाठक, दीपू नायक, अरविंद कांकर, महेन्द्र पाठक, संतोष शर्मा, राजेश शर्मा, राघवेंद्र मुदगल, राहुल शर्मा, बबलू शर्मा, रिंकू कांकर,संजय कांकर, चिंटू शर्मा एवं तमाम विप्रजन शामिल हुये।

कलारी के पास मृत अवस्था में पड़ा मिला 50 वर्षीय अधेड़

ग्वालियर। कलारी के पास 50 वर्षीय अधेड़ मृत अवस्था में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। घटना माधौगंज इलाके की है, जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने के उपरांत उसके परिजनों को सूचित किया। जानकारी पाकर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया, जिससे पुलिस द्वारा पंचनामा बनवाकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। माधौगंज थाना क्षेत्रांतर्गत श्रीकृष्ण कॉलोनी में पुरानी कलारी के आसपास के कारोबारी सुबह दुकान खोलने पहुंचे, तो एक व्यक्ति सड़क किनारे पड़ा हुआ था। दुकानदारों ने उसे जगाने का प्रयास किया, लेकिन उसमें कोई हलचल नहीं होने पर पता लगा कि उसकी मौत हो चुकी है। इस पर वहां तमाशबीनों का जमावड़ा लग गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसने मृतक की पहचान रशीद खान (50) पुत्र कल्लन खान निवासी आपागंज के रूप में करते हुए उसके परिजनों को सूचित किया। पुलिस से जानकारी पाकर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि रशीद खान शराब पीने का आदी था, जो कई बार अत्यधिक नशा हो जाने पर घर नहीं लौटता था। बीती रात भी जब वह घर नहीं आया, तो परिजनों को लगा कि वह कहीं नशे में सो गया होगा, लेकिन इस बार उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम और मर्ग कायम करने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन परिजनों ने किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

विपत्ति का संबल बनी जीवन ज्योति योजना

ग्वालियर, 10 मई। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के माध्यम से अत्यंत कम प्रीमियम पर जीवन बीमा सुरक्षा उपलब्ध हो रही है। किसी भी कारण से मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये तक का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इस योजना में 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के बैंक खाताधारक शामिल हो सकते हैं। योजना का वार्षिक प्रीमियम मात्र 436 रुपये है, जिसे ऑटो-डेबिट के माध्यम से खातों से जमा किया जाता है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में अप्रैल तक के अंतर्गत देशभर में 27.43 करोड़ से अधिक नामांकन हो चुके हैं।

चार दिन बाद पड़ेगी झुलसाने वाली गर्मी

बादलों की विदाई के साथ पारा 45 डिग्री पहुंचने के आसार, रातें भी होंगी गर्म

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 10 मई। ग्वालियर-चंबल अंचल में राहत के दिन अब खत्म हो गए हैं। पश्चिमी विक्षोभ का असर पूरी तरह समाप्त होते ही मौसम के तेवर तल्ख होने लगे हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि अगले 72 घंटों में आसमान से आग बरसना शुरू हो जाएगी और शहर भीषण लू की चपेट में आ जाएगा। अनुमान है कि बुधवार और गुरुवार तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के रिकॉर्ड स्तर को छू सकता है।

वर्तमान में शहर का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 2.9 डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री रहा। आसमान साफ होते ही धूप की तपिश बढ़ गई है, जिससे दो से तीन दिनों के भीतर तापमान सामान्य के पार निकल जाएगा और लोगों को झुलसाने वाली गर्मी का अहसास होगा। मौसम विभाग के अनुसार, बादलों की ओट खत्म होने के कारण सूरज की किरणें सीधे धरती पर पड़ रही हैं

It is for general information

1, Army No 4379436F Rank Nk Name Gaikarip Gonmei Unit -6 ASSAM Regt residence at Taosemjang Village-Khoupum Nungba, Tamenglong, Nungba Sub-Division, Manipur, Pin-795147 That the name of my mother was wrongly in my army records **Lungthaoliu** and Date of Birth **04 Feb 1960** has been written as which is wrong. That the correct name of my mother spelling **Lungthaoliu Gonmei** and her Date of Birth is **02 Nov 1960** which mentioned in her Aadhaar No. 9070 1629 2098.
That the Date of Birth of my Father was wrongly in my Army record Date of Birth **03 Jan 1959** has been written as which is wrong. That the correct Date of Birth of my Father is **30 May 1959** which mentioned in the Aadhaar No 4475 9755 8755.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.20 वार्ड क्रं.47 भवन क्रं.532, स्थान: नरसिंह अपार्टमेंट बापू दण्डी की गोठ ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री संतोष तिवारी/श्री बालकिशन तिवारी के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.1000235861 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1025 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं.R-14012600068455 दिनांक 21.01.2026 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र सिंधी कॉलोनी क्षे. क्रं.20 पर दिनांक 05.05.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 74/2010/65502/65567/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
आवेदक का नाम/पता
आशी भारद्वाज/श्री दिव्यांक जैन
दिलीप जैन/श्री इन्दर चन्द्र जैन
पता : नरसिंह अपार्टमेंट बापू दण्डी की गोठ मो.6263356621
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 10.05.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 07 स्थान सती विहार कॉलोनी में स्थित है जो कि सचिन्द्र कुमार/ रमेश चन्द्र नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000234750 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 675 वर्गफुट है. उक्त सम्पति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602024ए1337669 दिनांक 16/03/2024 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
विज्ञप्ति जारी दिनांक 10-5-2026
मनोज कुमार शर्मा/ राजेन्द्र कुमार शर्मा
पता : सती विहार कॉलोनी, ग्वालियर(म प्र.)
मोब-8962645296

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्री नरेश शर्मा पुत्र स्वं श्री परमानन्द शर्मा एवं श्रीमती राधा शर्मा पत्नी श्री नरेश शर्मा निवासीगण कुंअर बाबा की अथाई ग्राम बिलौआ,तहसील डबरा जिला ग्वालियर म.प्र., हाल निवास-देवनगर गंजीवाला मौहल्ला लक्कडखाना लश्कर ग्वालियर के हित में महेन्द्र शर्मा पुत्र स्वं श्री हरनारायण शर्मा निवासी बड़ा बाजार ग्राम बिलौआ तहसील डबरा जिला ग्वालियर द्वारा अपने स्वत्व स्वामित्व एवं अधिपत्य की पुश्तैनी सम्पत्ति स्थित ग्राम बिलौआ वार्ड क्रमांक-1 भवन क्रमांक 1875 के भवन जिसका संपूर्ण क्षेत्रफल 4424 वर्गफूट है उक्त संपूर्ण भवन को रजिस्टर्ड विक्रयपत्र द्वारा जो क्रमशः एमपी-142582017ए1617366 दिनांक 06/11/2017, एमपी-142582017ए1715177 दिनांक 21/12/2017 एवं एमपी-142582022ए1441927 दिनांक 27/04/2022 तीन टुकड़ो में मेरे पक्षकार को विक्रय कर दिया गया है विक्रय पत्र दिनांक से ही मेरा पक्षकार उक्त संपूर्ण संपत्ति पर काबिज होकर उसका उपयोग व उपभोग कर रहा है। वर्तमान में उक्त वर्णित संपत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा नवीकरण - निर्माण कार्य कर फिनिशिंग का कार्य कराना चाहता है जिसके लिए मेरे पक्षकार को ऋण की आवश्यकता है मेरे पक्षकार भविष्य में उक्त वर्णित संपत्ति को अन्यत्र किसी व्यक्ति विशेष को विक्रय करता है. ऋण प्राप्त करने हेतु किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक / अराष्ट्रीयकृत बैंक में बंधक रखता है। जिसके लिए सर्वसाधारण आम सूचना प्रकाशित करना अनिर्वाय हुआ है। अतः सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उक्त वर्णित संपत्ति भवन से संबंधित कोई भी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था आदि को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से तीस दिवस के अंदर अभिभाषक कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर या डाक के माध्यम से संपूर्ण दस्तावेजो के सहित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद-म्याद सूचना पत्र की दशा में मेरे पक्षकारगण के मुकाबले शून्य व निष्प्रभावी माना जावेगा।
द्वारा अभिभाषक
वीरसिंह सिसौदिया (एडवोकेट)
सरस्वती नगर यूनीवर्सीटी रोड,ग्वालियर
मोब- 8889171255

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 20 वार्ड क्रं 53,स्थान हेमसिंह की परेड ग्वा0 मे स्थित है जो कि कपिल शिवहरे,विकास शिवहरे/स्व.रमेशचन्द्र शिवहरे के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 9000233290 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-15042600651405 दिनांक 15.04.2026 दानपत्र द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र 20 सिंधी कॉलोनी बरार समाज क्षे.क्र 20, पर दिनांक 08.05.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 74/2010/65513/65578 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
आवेदक का नाम व पता-
दीपक गुप्ता/नरेश गुप्ता
पता-हेमसिंह की परेड ग्वा0(म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-10.05.2026

आम सूचना
श्रीमती गीता बाई पत्नी श्रीकृष्ण गोपाल शर्मा के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भवन स्थित वार्ड क्रमांक 08 दाई मोहल्ला कस्बा बड़ौदा तह. बड़ौदा जिला श्योपुर म.प्र. है जो नगर पालिका बड़ौदा के वार्ड नं. 08 दाई मोहल्ला बड़ौदा में स्थित है जो नगर पालिका परिषद बड़ौदा के वार्ड नं. 08 के सम्पतिकर पंजी. के सरल क्रमांक 08 पर भवन क्रमांक 08 पर दर्ज है। एवं जिसका क्षेत्रफल 169.05 वर्गमीटर है और चतुर्थसीमा निम्न प्रकार है, पूर्व में मकान मांगीलाल जी किलेदार, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में आम रास्ता, दक्षिण में- रास्ता। उक्त सम्पति पूर्व मे मेरे पति श्री कृष्ण गोपाल शर्मा पुत्र श्री गोपीलाल शमी निवासी वार्ड क्रमांक 08 दाई मोहल्ला कस्बा बड़ौदा की स्वामित्व की थी। मेरे पति की मृत्यु के पश्चात उक्त सम्पति (मेरे नाम) श्रीमती गीता बाई पत्नी श्री कृष्ण गोपाल शर्मा के नाम नगर पालिका परिषद बड़ौदा के वार्ड नं. 08 के सम्पतिकर पंजी. के सरल कमांक 08 पर भवन क्रमांक 08 पर दर्ज है। श्रीमती गीता बाई पत्नी श्री कृष्ण गोपाल शर्मा द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार केप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड संस्थान बारां (राजस्थान) के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति फर्म, संस्था निगम अथवा निकाय एवं उक्त सम्पति के अन्य सहस्वामियो एवं श्रीमती गीता बाई व श्री कृष्ण गोपाल शर्मा के वारिसान को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बंध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य किसी प्रकार के निहित हित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय मे अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय मे लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष मे बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कर्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।
दिनांक 09/05/2026
प्रेषक
सौरभ गर्ग एडवोकेट
,स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के पास
स्टेशन रोड श्योपुर (म.प्र.)